**KRISHI VIGYAN KENDRA-KOTPUTLI, JAIPUR**
**DIRECTORATE OF EXTENSION EDUCATION**
**SRI KARAN NARENDRA AGRICULTURE UNIVERSITY**
**JOBNER, JAIPUR (RAJASTHAN)**

माकृअनुप
ICAR

**Lt. Col (Dr.) Supern Singh Shekhawat** **Email: pc.kvk.gonera@sknau.ac.in**
**Senior Scientist & Head** **Mobile No. 9408660365**

कंमाकःकेवीके / केटीपी / 2026 / 417 दिनांकः 18.2.2026

टेण्ट के लिये सीमित निविदा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटपुतली द्वारा कृषक संवाद कार्यक्रमों को आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों में टेण्ट व्यवस्था हेतु सीमित निविदा आमंत्रित की जानी है।इस कार्य की अनुमानित लागत रु. 50000.00 हैं। इच्छित रजिस्टर्ड फर्म अपनी निविदाऐं सील बंद लिफाफे में दिनांक 25.2.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटपुतली कार्यालय में जमा करा सकते है। उक्त निविदाऐं उसी दिन दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

**निविदा प्रपत्र 'अ'**

| | सामान | मात्रा / संख्या | रूपये |
|---|---|---|---|
| 1. | कुर्सी प्लास्टिक | दर प्रति नग | |
| 2. | डलनप कुर्सी मय सफेद कवर | दर प्रति नग | |
| 3. | तख्त का स्टेज | दर प्रति वर्ग फुट | |
| 4. | टेन्ट मय कनात व कारपेट (भोजन व्यवस्था) | दर प्रति वर्ग फुट | |
| 5. | चान्दनी सफेद चददर | दर प्रति नग | |
| 6. | पाईप पांडाल (सफेद रंग ) मय कनात | दर प्रति वर्ग फुट | |
| 7. | मेंटिग ग्रीन | दर प्रति वर्ग फुट | |
| 8. | कार्पेट रेड / ग्रीन | दर प्रति वर्ग फुट | |
| 9. | फर्स | दर प्रति नग | |
| 10. | टेबल मय कवर | दर प्रति नग | |
| 11. | बैटरी / जनरेटर / अलटीनेटर | दर प्रति नग | |
| 12. | स्टेज सीढी स्टेज पर चढने हेतु | दर प्रति नग | |
| 13. | पीने के पानी का टैकर | दर प्रति नग | |
| 14. | केम्फर पानी व्यवस्था | दर प्रति नग | |
| 15. | जंबो कूलर | दर प्रति नग | |
| 16. | पंखे | दर प्रति नग | |

**शर्ते एवं नियमः**

1. समस्त सामान की गुणवत्ता / रंग आदि साफ–सुथरा होना चाहिऐ।
2. निविदा दर प्रपत्र में समस्त प्रकार के टैक्स सहित देनी होगी।
3. समस्त प्रकार के टैक्स के भुगतान की जिम्मेदारी निविदा दाता की होगी।
4. समस्त सामान लाने –ले जाने टैण्ट लगाने आदि की जिम्मेदारी निविदा दाता की होगी।
5. निविदा दाता को कार्यक्रम के समय टैण्ट एवं साउण्ड सिस्टम हेतु स्वयं का व्यक्ति रखना होगा।
6. बिल का भुगतान विश्वविधालय द्वारा बिल पास होने पर ऑन लाईन निविदादाता खाते में जमा किया जायेगा।
7. निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधाहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित है।

सुपर्ण सिंह

**वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष**

प्रतिलिपि–

1. श्रीमान निदेशक, प्रसार शिक्षा निदेशालय,एसकेएनयू,जोबनेर
2. श्रीमान प्रभारी, सिमका,एसकेएनयू,जोबनेर को विश्वविधालय वेबसाईट पर अपलोड हेतु ।
3. सम्बन्धित टेन्ट हाउस.............................................................................................।
4. लेखा शाखा कार्यालय हाजा।
5. नोटिस बोर्ड केवीके, कोटपुतली

सुपर्ण सिंह

**वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष**

## टेण्ट के सामान के लिये निविदा हेतु शर्तें

1. कोटेशन सूचना में प्रकाशित शर्तें राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012, राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम, 2013, सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम में उल्लेखित नियम–68 एवं वित्त विभाग, राजस्थान की अधिसूचना दिनांक 19.11.2015 की शर्तें निविदा का भाग मानी जाएगी।
2. टेण्ट के सामान की आपूर्ति कृषि विज्ञान केन्द्र गोनेड़ा–कोटपूतली के क्षेत्राधिकार में स्थित विभिन्न क्षेत्रों के किसानों के यहां पर करनी होगी।
3. कोटेशन प्रपत्र के साथ संलग्न प्रपत्र "अ" में टेण्ट के सामान हेतु निविदादाता अपनी दरें दर्शाएं, कृषि विज्ञान केन्द्र, गोनेड़ा, कोटपूतली के प्रपत्र के प्रारूप के अतिरिक्त किसी अन्य दस्तावेज पर दी गई दरें मान्य नहीं होंगी।
4. सीमित निविदा मुहरबंद लिफाफे में प्रस्तुत की जाएगी, जिस पर टेण्ट के सामान के क्रय के लिए सीमित निविदा लिफाफे पर अंकित होनी चाहिए।
5. फर्म द्वारा प्रस्तुत बिलों का भुगतान संबंधित फर्म द्वारा संतोषप्रद होने की पुष्टि होने पर ही किया जाएगा।
6. सीमित निविदादाता को किसी भी प्रकार का कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा। प्रत्येक कार्यादेश का कार्य आपूर्ति संतोषप्रद रूप से पूर्ण होने पर ही भुगतान की कार्यवाही की जाएगी।
7. सीमित निविदादाता बोली प्रपत्र की शर्तों के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करना होगा।
8. सीमित निविदा प्रपत्र में किसी प्रकार की कांट छांट/ओवर राइटिंग नहीं होनी चाहिए।
9. निर्धारित समय में कार्य सम्पन्न नहीं करने/आपूर्ति नहीं करने पर राज्य सरकार के सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों व राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवं नियम 2013 के अनुसार राशि वसूल की जाएगी।
10. भुगतान संबंधित निविदादाता को बैंक खाते में ऑनलाइन "PFMS" सिस्टम द्वारा सीधा ही किया जायेगा।
11. सफल निविदादाता के समय पर सामान आपूर्ति नहीं करने पर या कार्य संतोषजनक नहीं करने पर अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार होगा की अनुमोदित फर्म द्वारा हर्जे खर्चे पर पेनल्टी सहित अन्य व्यवस्था द्वारा क्रय अन्य फर्म से कर सके तथा पिछले आपूर्ति किय सामान को भुगतान नहीं किया जायेगा।
12. निविदा प्रपत्र दिनांक 09.02.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक प्राप्त कर उसी दिन दोपहर 12:30 बजे कमेटी के समक्ष खोले जायेंगे, देरी से प्राप्त निविदा प्रपत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
13. उपयुक्त शर्तों के अतिरिक्त अन्य शर्तें निविदा सूचना एवं सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम व राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 एवं वित्त विभाग राजस्थान की अधिसूचना दिनांक 19.01.2025 के प्रावधान लागू होंगे।
14. किसी भी उत्पन्न विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र कोटपूतली (जयपुर) राजस्थान होगा।

सुपर्ण सिंह

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
कृषि विज्ञान केन्द्र, गोनेड़ा, कोटपूतली

मैंने /हमनें उपरोक्त सभी शर्तों को सावधानीपूर्व पढ लिया है एवं समझ लिया है तथा मैं/हम उपयुक्त समस्त शर्तों से प्रतिबंधित रहूँगा/रहेंगे।

निविदादाता के हस्ताक्षर (मय मोहर)